GOSSNER EVANGELICAL – LUTHERAN CHURCH IN CHOTANAGPUR AND ASSAM

GELC ARCHIVE

Signature: **GELC-A _ 001 _ 0443**

Classification:

Original File No. 17

Title

Jarakudar Ilaka

Volume:

Running **from year: 1928** **till year: 1930**

Content:

- Request of C.C. of Chotanagpur & Assam E.L.C. Dated-21-3-1930.
- Church Council Executive's Resolution forwarded to the Rev.M. Topno for information. Dt.10 Jan 1930.
- Letter from P.Hurad to Rev. M.Topno on 20 May 1929.
- Letter to the Secretary by Mr.J.K.Tripathi on 27 July 1928.
- Letter from P.Hurad to the Dewan Bonai Estate on 4th June & 26 May 1928.

18

Jarakudar Ilaka
1928 - 30

[Church] Council
Received 24.3.30
1479
21.3.30.
17

छोटा नागपूर और आसाममस्थ एवंजेलिकल लूथेरान कलीशिया की चर्च कौंसिल को निवेदन।

हमारे जड़ाकुदर इलाके के कर्म्मचारी सभा में, जो कि १२वीं मार्च-१९३० को बैठी थी - इस समय में जड़ाकुदर इलाके के ईश्वरीय राज्य के काम और संसारों के बीच धर्म्म फैलाव बारे बड़ी गम्भीरता के साथ बात बिचार और काट छांट हो गई।

१- इस समय ऐसा मालूम हो रहा है कि चारों दिशा ईश्वर के राज्य की बढ़ती हो तो रही है जिनके बीच में कर्म्मचारियों को काम करना भी आवश्यक तो है पर कठिनता भी बहुत है क्योंकि इतनी बड़ी बिस्तृत और घने जंगलों और दूर २ में मण्डलियां होने से, मण्डलों की देख भाल करना, अच्छी सेवाकाई करना नहीं होता है।

२- मण्डली, जहां कि कुछ अधिक हैं और उनमें के कोई भाई कुछ लिखा पढ़ी जानता हो, सेवाकाई के काम में कितने लगाये भी गये हों तौभी जैसा आवश्यक है मण्डली प्रतिपालन ठीक से नहीं होती है पर लाचार बस हो क्या करें।

३- फिर कितने २ संसार मौजा हैं जहां के लोग ख्रीस्तान होने की इच्छा प्रकाश करते हैं, उनके पास आना जाना भी जैसा आवश्यक है, कठिन हो रहा है।

४- कर्म्मचारियों की दशा भी तो इतनी अच्छी नहीं, कि अपनी जीविका, खेती और मण्डली के आमदानी से पूरी होवे - इत्यादि।

टिप्पणी - मण्डलियां दो प्रकार से बढ़ती हैं:-

I - और २ दूसरे २ मण्डली इलाकाओं से इस देश में जीविका की आशा से अनेक जगहों में ख्रीस्तान भाई लोग आ बसते हैं।

II - नये धर्म्म खोजक बढ़ते जाते हैं।

इस लिये दीनता पूर्बक मान्यवर चर्च कौंसिल से निवेदन है कि यदि चर्च कौंसिल हमारी मण्डली इलाके के काम में और कुछ सहायता कर सके तो कर्म्मचारी सभा, उचित बिचार कर काम का और अधिक प्रबन्ध करके काम कर सकेगी।

आगे शुभ -
कर्म्मचारी सभा के नाम से :-
चेयर मैन - M. Topono.
सेक्रेटरी - Christochit: Horo.
जड़ाकुदर - २१: ३· ३०।

II. Dusri arji ki bat Main C. Council men Pesh karta hun, ki Yadi C. Council Kripya kare, to Main Rewala Mahasabha ke Prabhu Bhoj ka Aradhana Updesh mujh ko dii jawe, Maine Kewal Julibee ke samay Prabhu Bhoj ka Updesh diya Tha.

Main Is samay ke liye Apne ko Taiyar Karunga. Mera sang Sathi Umarwala howe to achchha hoga. (Yah To mera Kahna aur Bichar hai).

III. arji hai ki yadi Anugrah Is kam ke Sewakai mile, to Girja men thalar jo hai, so Mere liye chhora jawe, kyonki (Mera Thalar Purana hone se achchha nahin hai: Mujh ko kripya khabar mile.

Rev. M. Topno.

Church Council
Received 8.1.30
185
Date 7.1.30.
File 17.
Reply
Date....

(To the Secretary C. Council)

Jarakudar 7.1.1930.

मैं क्या कहूं और क्या बोलूं — ईश्वर का विचार अथाह है — जो सोच में नहीं आवेगा — उसी को उत्तम और आश्चर्यमय इच्छा हो हमारे लिये भला है ॥

मैं अपने शोकित हृदय से लिखता और आपको और कौंसिल मेम्बरों को और हमारे माननीय प्रेसिडेन्ट साहिब को सुनाता हूं कि --- मेरे M.P. स्कूल का हेडमास्टर इलियाजर विनोनियुस टोप्पो ६ वीं जनवरी १९३० को प्रभु में सो गया (आंधरी बिमारी से) ॥

और और विषय उनके जीवन काल में की — मदरसा और स्कूलों के सम्बन्ध में इत्यादि बातें लिखना है — पीछे लिखा जायेगा ॥

(मेरा बहुत भार यीशु सहाय होवे)

आपका प्रिय — विश्वासी ॥

पादरी - मरकुस टोपनो ॥

Church Council ke Karjkarak sabha

ki baithki ka mantabya.

ta: 10 January 1930.

Shok - Prakash.

Ma: Padri Marcus Topono se samachar mila ki Jarakudar ka Cand. Shriman Iliazar Timothius Toppo 6 win January ko Masih Yishu men so gaye. Council Cand. Eliazar ki asamay mrityu se bahut shokit hui kyonki unse bhawishyat men bahut si achchhi baton ki asha ki jati thi. Ishwar swargiy Cand. ki bidhwa patni tatha kutumb pariwaron ko apni akshay shanti dwara sambhale yahi Council ki anta: karniye prarthna hai.

Memo No. 1336/30
F.- 17.

Dated Ranchi, the 16th January 1930.

Copy of the Church Council Executive's Resolution forwarded to the Rev. Marcas Topono for information.

[signature]

Secretary, Lutheran Church.

Church Council
Received 24.9.29
Register No. 956.
Date 24.9.29
File 17
Reply No.
Date

रांची २४-९-१९२९ ॥

छोटानागपुर और आसाम को (गोस्सनर) एवंजेलिकल लूथेरान कलीसिया के चर्च कौंसिल को मेरा बहुत यीशुसहाय होवे ॥

मैं दीनता पूर्वक अपने हालत की बातें संक्षेप से आपके चरणतले धर देता हूं ॥

इस साल जुलाई महीने में जब आस वास का काम बड़ा जोर सोर होने लगा, तो इस समय में बैलों और काड़ा आदि पशुओं में रोग हो जाने से बहुतेरों का मर गये। मेरा भी काड़ा और बैल मर गये ॥

बीता बरस चार पंच हार चलता था पर इस साल हार टूट जाने से अभी केवल एक हार बूढ़ा काड़ा है और एक हार बैल हैं ॥

इसलिये मैं दीनता पूर्वक चर्च कौंसिल से अरजी करता हूं कि हार के बन्दोवस्त के लिये बारवत समय में मुझको एकसौ १०० रुपैये एडभन्स दिया जाने का अनुग्रह मिले ॥

आपका विश्वस्त,-

पाद्री--- मरकुस तोपनो।

जड़ाकुदर ॥

INDIA POST CARD

WRITING SPACE

ADDRESS ONLY

Church Council

Received 26. 8. 29.

Register No 915

Date 24. 8. 29.

File 17

Reply No..........

Date..........

INDIA POSTAGE

HALF ½ ANNA

26 AUG. 29
11 30 AM

BANK

Mr. P. Hurad.

Secretary C.C.

G.E.L. Compound.

Ranchi.

B.N. Ry

To The Secretary Lutheran C. C.
Ranchi.

Dated Jarakaidar the 24th Aug 1929.

Sir,

May I solicit the favour of your kindly informing me by return of Post whether Candidates are also called for the monsoon meeting this year as usual?

I have the honour to be
Sir
Your most obedient servant.

Candi- E. T. Toppo.
Jarakaidar.
P.O. Bankibazar
Via Manoharpur B.N. Ry.

Church Council
Received 31. 8. 29.
Register No. 223.
Date 25. ...
File 17 ...
Reply No.
Date...

Jaratkudar 28.8.29.

मान्यवर महाशय चर्च कौंसिल के सेक्रेटरी को मेरा यीशुसहाय।

१. बीते चर्च कौंसिल की बैठकी में पादरी खृस्तानन्द आइन्द का रिपोर्ट जो कि उसने लिलिथापुस के प्रचारक पन के बीच के गोलमाल बारे दिया था- कौंसिल में बातचीत होके मुझे अनुमति मिला- कि इस विषय की बात देखूं---।

२. लिलिथापुस के दोनों पार्टी के लोग--जल्द समय में मेरे पास आके अरजी किये- कि इस बरसात में भाइयों को जमा होना अतिकठिन है- और कि काम भी अभी बहुत है--और कि प्राय: घर २ ज्वार आदि लगा हुआ है---और अन्तिम बात है कि खर्चा आदि की भी तंग लगता है॥

३. इसलिये यह विचार किया गया कि अक्तोबर में बैठकी होवे कि जिस्से सब बातें तय किई जावें--और डेरा आदि भी जो लोग नाराज होके आवेंगे--ठीक होजाने सके॥

४. मैंने ४ से प्रेमवर को तार खबर दिया था- चिठ्ठी पाके उजुर के लिये आये थे॥

५. मैंने खृस्तानन्द आइन्द पादरी को भी लिख दिया है॥

६. बरसात बड़ी जोर सोर आजलो है। गुन्दली-गोड़ा-मंडुवा-कपास उरीद आदि डांड खेती का ठिकाना नहीं है॥

७. बहुत अधिक बरसात होने से भी अकाल वो महंगी का डर है॥

Marcus Tapno.

No 667 /29.
F.- 17.

The Secretary,
G.E.L. Church Council,
Ranchi.

The Rev. M. Topono,
Member Church Council,
Jarakudar
P.O. Jarakudar.

20th May 29.

Xx

Manyawar Rev. M. Topono,

Ap ko mera bahut 2 Yishusahay howe. Ap ka Card 15.5. 29. men jo bheje the so mila aur us ke jariye sab hal malum hua, Ap ko malum howe ki is bar C.C. ki baithki 3rd July se suru hogi. So ap 2 tarikh ko pahunchiye. Autonomy Day 10 July ko hai us samay sab padriyon ko apne apne sthan men rahna achha hoga.

Prem se.

[signature]

Secretary,
G.E.L.Church Council
Ranchi.

Council
Received 17.5.29.
Register No. 744.
Date 15.5.29.
File
Reg No.
Date

INDIA POST CARD

WRITING SPACE

17

Main uni jo ghar men sab koi
Prabhu ki daya se bhale
change hain.
Yadi President hain to
mera Pyar jana denge.
age shubh.
M.T.

ADDRESS ONLY

17 MAY 29
11.45 A.M.

BANS BAZAR B.O.
16 MAY 29
BONAI-STATE

INDIA POSTAGE
HALF 1/2 ANNA

To
The Secretary C. Council.
Lutheran Church.

Ranchi.

Jarakudar 15.5.29.

Manyawar C. Council Secretary
Mahashay ko mera bahut Pyar sath
yishusahay Apke Pariwaron samet ho.

Main ap se Niwedan kar Puchhta hun,
ki Kripa karke mujhe Andaj Tarikh
ki anewala Council meeting kab ho
sakega. Puchhne ki jarurat yahi hai
ki 26.5.29 Trinitatis Parbb ke bad main
Bonai ke Ek Bhag ke 12 Maujaon men
Jane ki Ichchha hai, aur ki Bhai Bahin
bhi Bulate hain, Ek Mauka Bamza
men hai, yahan Naya dharmkhojak
hain, Phir ki Bonai ke is bhag ke
Christian Mauka hain, aur ki Naye
Taur se Abad ho raha hai. So mere
Hisab men kam se kam Char Itwar
udhar Gujrenge. Phir ki bhari
Barsat men jana ho hi nahin sakega,
(Akhand bar aur Anekanek nadi
Nala hain. Prem se. M. Topno.

[Ch]urch Council
[R]eceived 29.4.29.
[R]egister No. 712
Date 22.4.29.
File 17
Reply No.
Date

Camp- Raurkela (Mahulpali).
22.4.29

Manyawar (Lutheran Church) Secretary ko mera Pyar.

1 Ek bishay ka khyal mujh se utar gai, ki Prabhu Bhoj ke liye Dakhras mangane ka Address- Rev. M. Pechu sahib se lena, So we hain ki nahin- So kripya unse Puchh ke Mujhe khabar denge, ki Barsat ke Pahile hi Railway- Parsel se manga saken.

Age shubh.

M. Topono.

Ellison & Co
8. Bow Bazar Street
Calcutta
1 doz. Commun. Wine Rs 24 -
as delivered to the South congreg. Ranchi

Offer
Enquire from Rev. M Pechu & reply
[initials]

3/1/29

Church Council
Received...4.1.29
Register No...441
Date...31.12.28
File...17
Reply No.........
Date.........

गोस्सनर एवंजेलिकल लूथेरान एक्लेसिया की
चर्च कौंसिल के निकट सविनय प्रार्थना।

(मार्फत इलाका चेयरमैन जड़ाकुदर)।

सिद्धि श्री ६: सर्बोपरि विराजमान अति माननीय चर्च कौंसिल को चरणसेवक कांडिदात इलियाजर-तिमोथियुस टोप्नो की ओर से लगातार चरण-चुम्बन होता रहे।

पूज्यवर महोदयो,

इस निवेदनपत्र के आपके कमलचरण पर पड़ने का तातपर्य्य यों है कि सेमिनरी से निकलके आपके चरण सेवक की पांच वर्ष की सेवा सन १९२८ ईस्वी की ३१वीं दिसम्बर में पूर्ण होती है, अतएव सबिनय प्रार्थना है कि १९२९ की १ली जनवरी से आपके चरणसेवक की वेतनवृद्धि कृपाया पच्चीस से तीस रुपैये को कर दी जाय, जिस्हेतु आप का दास सदा आपका धन्यबादी होकर आपकी सेवा में कार्य्यपरता किया करेगा।

जड़ाकुदर
३१वीं दिसम्बर १९२८

आपका चरणाश्रित -
कांडिदात इलियाजर तिमोथियुस टोप्नो।
हेडमास्टर जड़ाकुदर यू.पी. स्कूल।

Rev. M. Topno
31.12.28.

रांची १-४-२८

माननीय C. Council सेक्रेटरी साहब को मेरा यीशु सहाय |

मौजा जोड़ा बान्य - थाना बंकीबजार - स्टेट बनई |

१. मौजा जोड़ा में मिशन स्टेशन बनाने की जगह बन्दोबस्त हुआ है | जरमन मिशनारियों के चले जाने से इस जगह के बन्दोबस्त का कागजात खो गया है | मैं समझता हूं कि इस जगह का पट्टा आजतक बन्दोबस्त नहीं था - थोड़ा जमीन भी है जिसका परवाना मिला होगा क्योंकि खास जमीन ही का माल दिया जाता है | टांड़ भी है - पर कोई स्टेट में टांड़ का मालगुजारी नहीं लिया जाता है ||

२ सो मेरा अरज है कि पट्टा पाने के साथ परवाना के बारे की दरखास्त कृपया करेंगे |

३. इस जगह का कारबार पहिले ही से - आज तक एक प्रचारक के द्वारा किया जाता है - मैं उसको हाथ पैसा मालगुजारी भर देने को आज तक दिया हूं | और कि हर विषय का इन्तिज़ाम इस जगह के बार उसी से किया ~~है~~ करता है - सो आप आगे को भी इस बन्दोबस्त का सब काम उसी के द्वारा किया जावे ||

मैं तो गांगपुर स्टेट में रहता हूं - और बारबार मुझे जाना आना - मुश्किल है - कभी दूर सफर में - चाहे भी कहीं जाना मुझे पड़ता है - इसलिये आप - प्रचारक - बैकास बागे - मौजा हाथीजोड़ा - थाना - बंकीबजार - स्टेट बनई को आप सब काम करने को लिखेंगे ||

स्टेट के हुक्म मौजिब पट्टा और परवाना का जो दाम देने होगा || मैं पीछे से आपको लिखूंगा कि कितना खर्च होगा |

M. Lipono.

To

The Secretary C. Council.

Lutheran Church.

Ranchi

AA. 3017

OFFICE OF THE DEWAN OF THE FEUDATORY STATE OF BONAI.

Please address reply by designation and not by name
Address:—
P. O BONAIGARH,
Via-Panposh B N Ry.

NO. 1039

From

Mr. J.K.Tripathi, M.A.,

DEWAN OF THE FEUDATORY STATE OF BONAI.

To

The Secretary,

Lutheran Church

RACHI.

Dated Bonaigarh, the 27th July 1928.

Church Council
Received 30.7.28
Register No. 161
Date 27.7.28
File............
Reply No...........
Date...............

SIR,

In continuation of this office letter No. 874 dated the 4th July 1928, I have the honour to inform you that your Pracharak Boas Bagge who appeared here on 11-7-28, could give no information about the patta, if any, granted to the mission for the land in question in Mauza Jorabandh in this State. Nor could he say if such a document was registered in this State --------- Registration Office. A thorough search was also made and no such documents are available in this office. so I regret I am unable to furnish ------ copies.

I have the honour to be,

Sir,

Your most obedient servant,

J. K. Tripathi

T.L.P.

DEWAN.

Fdh. File
6/7/28.

Office of the Dewan of the Feudatory State of Bonai.

Address:—
P. O. Bonaigarh,
Via—Panposh B.N.Ry.

NO. 874

From

Mr. J. K. Tripathi, M.A.,

DEWAN OF THE FEUDATORY STATE OF BONAI.

To

The Secretary ,

Lutheran Church,

Ranchi.

Dated Bonaigarh, the 4th. July 1928 .

Church Council
Received 7.7.28
Register No. 122
Date 4.7.28
File:
Reply No.
Date

Sir,

In reply to your letter no.89/28,dated the 4th ~~July~~ June 1928,I have the honour to inform you that no copy of Patta or like document is traceable in this office.The previous correspondence,however, shows that an area of 20.20 acres of land in mouza Jorabandh in this State was granted to the Mission for building purposes,and there is a map of the site.On the arrival of your Pracharak,further enquiries will be made and the result communicated to you in due course.

I have the honour to be,
Sir,
Your most obedient servant,

J.K.Tripathi

DEWAN.

M.P.Sbp

89/28 4th. June 28.

To,

The Dewan Bonai Estate.

Bonaigarh.

Sir,

In mouza Jorabandh, Thana Bankibazaar within the Bonai State the G.E.L. Church (formerly German Mission) has been owning some lands ,originally meant for building a new station on a site for which the permission of the Chief was granted during the time of the late Rev. Dr. A. Nottrott.

During the time of the War ,the documents relating to the lands referred to in the mouza named above were mislaid and are now missing altogether. I believe, the State Registration Office has the copy of the documents (Patta or Pattas) as the same were duly registered there .

I should be glad and thankful if copies of the same could be had on payment of the necessary fees. I am instructing oru Pracharak Boas Bagge of Mouza Hathiora to present himself to you and to give you such information as will lead to the tracing out of the documents required.

An early reply to the above is requested.

I have the honor to be,

Sir,

Your most obedient servant,

SECRETARY.

Memo. 90/28.

Copy of the letter addressed to the Dewan, Bonai State, forwarded to Pracharak Boas Bagge, Mouza Hathiora, Thana Banki Bazaar., Bonai State for information and for giving to the State Dewan all such information as will lead to trace out the Patta or Pattas concerned.

Ranchi.

4th. June, 1928.

SECRETARY TO THE CHURCH.

No. 69/28.

26th. May 28.

To The Rev. Marcus Topono.

JARAKUDAR.

Manyawar Padri M. Topono,

Ap ko Church Council ka bahut 2 Yishusahay aur prem !

Hamon ne kal Shukrwar ko ap ki dukh-bhari chitthi pai, jiske pakar ke ham sab jo yahan Ranchi men hain ,sun kar bahut dukhit hue. Ham log sab ke sab ap ke is ati kathin dukh men samdukhi hote aur ap ko shanti dete hain ki Ishwar Pita ne ap ki dharmma-patni ko bare kushal se apne pas bulaya. Woh kisi bhi prakar ke bhari rog aur dukh men na hoke kushal aur shanti se Prabhu ki god men adhik sundar aur mahimawan rajya men utha lii gai, jisten wahan apne Trani Yishu Khrist ki sewa men nitya rahe.

Ham log jante hain ki ap ko kitne dinon tak man men bahut hi dukh aur afsos rahegi,par yah bhi ap kripaya yad kijiye ki HAMARA YAHAN KOI THAHARNEHARA NAGAR NAHIN HAI PAR HAM US HONHAR NAGAR KO DHUNRTE HAIN,jo swargiya Yisrushalim hai,jahan ham sab ko jana hoga. Prabhu apne Pawitratma se ap ko shanti par - shanti dewe ki ap is kathin dukh ke bhar ko dhiraj,sahas aur dharas ke sath sah sakiye aur Prabhu ki sewa men adhik khinche jaiye.

President yahan hain aur aj ham log Executive baithe the aur ham sab ke sab ap sabhon ko aur bishes ap ko hamon ka bahut bahut YISHUSAHAY bhejte hain.

Ap ke piyare sangilog,
Prabhu ki sewa men,
[signature]
C.C. ke liye.

Church Council
Received 9.6.28
Register No. 65
Date 22.5.28
File ....
Book No. ....
Date ....

Jarakudar 22.5.28.

विनय — छोटा नागपुर और आसाम के ~~वच~~ कौंसिल को बहुत प्यार होवे और यीशु सहाय।

मैं बड़े अफसोस के साथ आप को लिखकर सुनाता हूं कि मेरी प्रीये चमनपति (रखतहुलासी) को ईश्वर ने आज 22.5.28 को दिन चार बजे को अपने पास बुलाया। वह भले चंगे काम करके साथ सन्तों के आदर करते समय औंधा गई, और तब बेहोश के समान हो प्रभु में सो गई। उसने इतना ही बात करके बोली कि मुझको सिर दर्द करता है॥

जो कुछ और इस बाबत का लिखना हो मैं कुछ शान्त हो कौंसिल में लिखभेजूंगा॥

प्रेसीडेन्ट को और मेरे संगी कामदारियों को जो रांची में हैं और मेरे दोस्तों को भी कृपया सुना देंगे॥

M. Topno.

Ans. 8/6/28

जड़ाकुदर ६-६-२८।

Church Council
Received 9.6.28
Register No. 65
Date 6.6.28
File ....
Reply No. ....
Date ....

छोटा नागपुर और आसाम के लूथेरन कलीसिया के मान्यवर चर्च कौंसिल को मेरा बहुत २ यीशुसहाय होवे ॥

I --- मेरा अर्ज निवेदन यह है कि मेरी धर्मपत्नी के लोकान्तर होने से मैं बड़ी सकेती में गिर पड़ा, विशेष करके घर आदि विषयक कामों के सम्बन्ध में। मुझको सूझता नहीं कि कैसा किया जावेगा और उपाय भी नहीं दिखता है कि मेरे न रहते कैसा काम चलाया जा सकेगा, यांगा भी जितना रखना अवश्य है - न पा सका सो जैसा काम का प्रकार है - अपनी रोजरोज खोज के लगाने पड़ेगा, और हिसाब(?) और काम को सम्भालने वाला कोई नहीं है। इसके अलावे प्रतिदिन का खाना पीना का ठिकाना करना जो घर में है किसी दूसरे से होगा भी नहीं ॥

II मेरा बड़ा लड़का तो एक कोस की दूर में घर द्वार - खेत जमीन वगैरह(?) परिवारों समेत रहता है, और वहां से यहां का काम और वहां का काम रोजरोज के दिन में आना जाना करके करना अति कठिन और हो सकेगा भी नहीं। फिर मेरे घर में कोई एक भी बेटी कुंवारी नहीं है जो मेरी सहायता करे, सबको ब्याह दे बिदा कर दिये। (बड़ा अत्यन्त दुःख है कि मैं अकेला पड़ा हूं)। कोई एक लड़की खाना पकाने को घर द्वार साफ करने को खोजने पड़ेगा। सो भी अब तक ठिकाना नहीं है ॥

III. इसलिये मैं जून महीने से दिसम्बर महीने तक विशेष करके सरदा और बोनई स्टेट के भीतर के मंडलियों में कितने दिन को महीने तक सफर कर करके काम करने पड़ता है --- इस हालत में मुझको अति कठिन हो गया है ॥

IV इसलिये चर्च कौंसिल किसी एक पादरी को इतने दिनों तक काम करने की अनुमति देवे ॥

V मुझको इन जगहों में काम करने से छुट्टी देवे ॥

VI मैं आप नागरा और गांगपुर भीतर के मंडलियों में जो कि जड़ाकुदर से छः सात कोस दूर है कोई उपाय से काम करने को तैयार हूं। फिर भी वे मंडलियां जो बाहर में है - जड़ाकुदर से बहुत दूर है - उनके बीच आना जाना कर काम कर सकूंगा। पर सरदा और बोनई में कितनी मंडली है जो जड़ाकुदर से दो दो रोज का रास्ता चलके पहुंचना पड़ता है - इन मंडलियों में काम करने को - एक पादरी मिलने का निवेदन करता हूं ॥

VII जितना आमदनी बढ़ा सके - सो उनी को मिलेगा ॥

VIII आशा रखता हूं होगा कि पादरी लूथर वगैरह बड़ी बिरीमावाला - को इतने दिन के लिये काम करने को कौंसिल अनुमति दे सके? उसने मुझसे अप्रैल महीने में जब मुलाकात हुआ बताया कि - आस पास के पादरियों की अनुमति पाकर यहां भी काम कर - उनको सहायता करता हूं ॥

IX अन्त में मैं दीनतापूर्वक निवेदन करता हूं कि - इस जून व जुलाई का कौंसिल मीटिंग के लिये रांची जाने से छुट्टी मुझे मिले और मेरी गुस्ताखी को माफ करेंगे ॥

X મૈં ઑ. સિટર મેમ્બર મહાશયોં કો ઔર ઉન મહાશયોં કો જિન્હોંને મેરી ધર્મ પત્ની કે લોકાન્તર હોને કા ખબર પાકે - મુઝકો બડી શાન્તિ ઔર ધીરજ ઔર સાહસ કા માનસિક ઔર ઈશ્વરકા વચન સે દિયા -- હૃદય સે ઉન્હેં ધન્યવાદ દેતા હૂં ॥

=આપકા આજ્ઞાકારી ઔર સંગીતકા આભારી ।

પાદ્ય --- મલ્કુસ તોપનો ।

જડાકુહર ॥